भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †718
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बरपेटा सतरा के विकास संबंधी डीपीआर

†718. श्री अब्दुल खालेकः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को स्वदेश दर्शन की एसडी-2.0 योजना के संशोधित दिशानिर्देशों के तहत बरपेटा सतरा के विकास के लिए असम सरकार से कोई डीपीआर प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो राज्य में एसडी-2.0 योजना के तहत कवर किए गए स्थलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त स्थलों के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : जी नहीं, महोदय ।

(ख) और (ग) : पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और युक्तसंगत पर्यटक गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना में सुधार किया है । स्वदेश दर्शन 2.0 के दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन संबंधी क्षमता का विश्लेषण करके एक राज्य परिप्रेक्ष्य योजना (एसपीपी) तैयार करेंगे और पर्यटन मंत्रालय राज्य में विकास के लिए गंतव्यों का चयन करेगा । असम राज्य में एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए गंतव्य निश्चित नहीं किए गए हैं ।

*****